भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – **5624**
दिनांक 27.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पश्चिम एशियाई देशों में फंसे भारतीय नागरिक

5624. श्रीमती माला रायः

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भारतीय नागरिक वर्तमान युद्ध के कारण पश्चिम एशियाई देशों में फंसे हुए हैं; और
(ख) यदि हां, तो ऐसे फंसे हुए भारतीयों की राज्य-वार और देश-वार संख्या दर्शाते हुए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश मंत्री
(श्री कीर्त वर्धन सिंह**)**

(क) एवं (ख) पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के देशों में 1 करोड़ से अधिक भारतीय नागरिक रह रहे हैं। इन देशों में रहने वाली भारतीय आबादी का देश-वार विवरण अनुबंध-I में संलग्न है।

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के कारण, हवाई क्षेत्र बंद होने और उड़ानों के रद्द होने के कारण इस क्षेत्र की यात्रा करने वाले या यहां से गुजरने वाले भारतीय नागरिकों, जिनमें पर्यटक, छात्र, तीर्थयात्री आदि शामिल हैं, को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र में स्थित भारतीय दूतावासों ने नियमित और गैर-अनुसूचित वाणिज्यिक उड़ानों द्वारा इन भारतीय नागरिकों की भारत यात्रा को सुगम बनाया है। दिनांक 21 मार्च 2026 तक, 3.75 लाख से अधिक भारतीय यात्रियों ने इन देशों से भारत की यात्रा की है।

अनुबंध- **I**

पश्चिम एशियाई देशों में रहने वाली भारतीय आबादी की देश वार सूची

क्रम संख्या	देश का नाम	वर्तमान में रह रहे भारतीय नागरिकों की संख्या **(**लगभग**)**
1.	ईरान	9,000
2.	इज़राइल	42,000
3.	बहरीन	3,15,000
4.	संयुक्त अरब अमीरात	43,26,248
5.	कुवैत	10,59,179
6.	सऊदी अरब	27,47,551
7.	इराक	25,000
8.	यमन	4,000
9.	कतर	8,30,000
10.	ओमान	6,74,950
11.	लेबनान	1500
12.	फिलिस्तीन	10
13.	जॉर्डन	17900
14.	सीरिया	50
कुल		**1,00,52,388**

*****